हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

11 पीएम मातृत्व कैंप में 68 गर्भवती की जांच, 23 के...



12 मांगों पर सहमति नहीं बनने पर फायर कर्मियों ने हड़ताल...



## परिसीमन 2026 में जिले में चार से हो सात विधानसभा सीट

# 'न्यायपूर्ण हिस्सेदारी की आवाज' : विधायक भी एकमत
# जिले में बढ़े सीटें तो विकास कार्यों की बढ़े और रफ्तार

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

एक्सक्लूसिव पार्ट-2

साल 2026 में प्रस्तावित परिसीमन को लेकर हरियाणा में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। हरिभूमि की इस मुहिम में जिला के चारों विधायकों से बातचीत की। सभी ने अपनी-अपनी राय रखी। कुल मिलाकर बहुमत इस बात का रहा कि जिला में चार से छह या सात सीट विधानसभा की इस परिसीमन में हो, ताकि विकास की रफ्तार से जिला ओर आगे बढ़ सके। आपको बताते चले कि 1967 के पहले विधानसभा चुनाव में भी महेंद्रगढ़ क्षेत्र (तत्कालीन स्वरूप में) को 4 विधानसभा सीटों का प्रतिनिधित्व मिला हुआ था और आज लगभग 60 साल बाद जब जनसंख्या और मतदाताओं की संख्या कई गुना बढ़ चुकी है, तब भी जिले के हिस्से में मात्र 4 विधानसभा सीटें ही हैं। अब इस साल परिसीमन होना है। उम्मीद लगाई जा रही है कि जिला में चार से छह या सात सीट विधानसभा की हो। इस संबंध में हरिभूमि ने आठ अप्रैल को 1967 से अब तक 4 गुना बढ़े मतदाता, 60 साल बाद सीटें वही 4, अब 'न्यायपूर्ण हिस्सेदारी' की उठी मजबूत आवाज नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था।

### नारनौल : परिसीमन में सीटें बढ़ेगी तो पैरवी ओर भी होगी मजबूत



नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि जब बीच में परिसीमन हुआ तो हर जिला में एक-एक विधानसभा सीट बढ़ाई गई थी। उस वक्त जिला में ऐसा नहीं हुआ। हरियाणा स्थापित हुआ तब से लेकर अब तक जिला में चार ही विधानसभा सीटें है। जो बहुत कम है। जिनका पहला राजनीति में प्रभाव रहा, उन लोगों ने खुद के जिले में वोटर संख्या कम होने पर भी विधानसभा बनवा ली। हमारा जिला तब भी रहा गया। अब जनस्वास्थ्य तीन गुना से अधिक हो गई है। कम से कम जिला में दो से तीन विधानसभा सीट परिसीमन में बढ़े तो जिला की पैरवी करने की स्थिति ओर भी मजबूत होगी। जिलाहित में हरिभूमि की यह सराहनीय पहल है। आमजन भी इससे जागरूक होगा।

### महेंद्रगढ़ : जिले में बढ़नी चाहिए सीटों की संख्या



महेंद्रगढ़ से विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ का भौगोलिक विस्तार और लगातार बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए यहां विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाना समय की मांग है। महेंद्रगढ़ जिला शिक्षा, सैन्य भर्ती और सामाजिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन सीमित विधानसभा सीटों के कारण क्षेत्र के कई हिस्सों में अपेक्षित प्रतिनिधित्व और विकास कार्यों में संतुलन नहीं बन पा रहा है। इसलिए सीटों की संख्या को बढ़ाया जाना चाहिए ताकि महेंद्रगढ़ जिले में विकास में उन्नति हो। महेंद्रगढ़ जिले की जनसंख्या को देखते हुए छह से सात सीट विधानसभा सीट होनी चाहिए।

### नांगल चौधरी : जिले में सीटें बढ़े तो बढ़ेगी विकास कार्यों की रफ्तार



नांगल चौधरी विधानसभा से कांग्रेस विधायक मंजू चौधरी का कहना है कि महेंद्रगढ़ जिला प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित है और यहां बड़े स्तर पर खनन गतिविधियां संचालित होती हैं। इससे सरकार को पर्याप्त राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन इसके बावजूद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी हुई है। किसानों को खाद, सिंचाई के लिए पानी और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। विधायक ने कहा कि वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र बहुत बड़ा होने के कारण हर गांव और ढाणी तक विकास कार्य प्रभावी रूप से नहीं पहुंच पाते। यदि सीटों की संख्या बढ़ाई जाती है तो प्रशासनिक पहुंच बेहतर होगी और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। आगामी परिसीमन में जिले को कम से कम दो अतिरिक्त विधानसभा सीटें दी जानी चाहिए, ताकि क्षेत्र का संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके।

### अटेली : कुछ कहना अभी जल्दबाजी पहले जनगणना हो जाए



अटेली की विधायक एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव कहा कि हरियाणा मे जनसंख्या के आधार पर सीटें बढ़ेगी। हरियाणा में परिसीमन होना है। अभी ओर कुछ कहना जल्दबाजी होगा।

- 60 साल बाद जब जनसंख्या और मतदाताओं की संख्या कई गुना बढ़ चुकी है, तब भी जिले के हिस्से में मात्र 4 विधानसभा सीटें

## खबर संक्षेप

### मोहनपुर नांगल के युवक की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव मोहनपुर नांगल निवासी एक युवक की पेट में दर्द होने से मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने वीरवार को नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी है, हालांकि अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। मृतक की पहचान गांव मोहनपुर नांगल निवासी 18 वर्षीय पवन कुमार के रूप में हुई है। पवन आईटीआई करके अप्रेंटिस कर रहा था।

### भाजपा ने की जिला मोर्चा प्रभारियों की नियुक्ति

**नारनौल।** भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी व गतिशील बनाने के उद्देश्य से भाजपा के विभिन्न मोर्चों के प्रभारियों की नियुक्ति की है। नियुक्त किए गए प्रभारियों में किसान मोर्चा के लिए संदीप यादव, ओबीसी मोर्चा के लिए जेपी सैनी, युवा मोर्चा के लिए मनजीत यादव, एससी मोर्चा के लिए डॉ. राकेश कुमार तथा महिला मोर्चा के लिए सरोजबाला शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल ने बताया कि जल्दी ही मंडल स्तर पर भी मोर्चे के प्रभारी नियुक्त होंगे।

### चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित


**नारनौल।** जिले के तीन गांवों के चौकीदारों के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। संबधित गांवों के इच्छुक व योग्य उम्मीदवार संबंधित तहसील कार्यालय में चौकीदार के रिक्त पदों पर पांच मई तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद आने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि कनीना तहसील के गांव खेड़ी व बाघोत तथा अटेली तहसील के गांव खोड़ के चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

## जेसीबी से बरामदों को खाली करने और टीन शेड हटाने की होगी कार्रवाई

# शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों को बरामदे खाली करने का नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बरामदे खाली करवाने के लिए दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। नगर पालिका ने दुकानदारों से तुंरत प्रभाव से बरामदे खाली करने करने के आदेश दिए गए हैं। अगर इसके बाद बरामदे खाली नहीं हुए तो नगर पालिका स्वयं जेसीबी के माध्यम से बरामदों को खाली करवाएगी। इसके अलावा नोटिस में यह भी आदेश दिए गए है कि अगर किसी दुकानदार का नुकसा होता है वह स्वयं जिम्मेदार होगा। नगर पालिका ने शहर के बीच में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाया हुआ है। कॉम्प्लेक्स में चार अलग-अलग फेज में लगभग 261 दुकानें हैं। इनमें 29 शोरूम भी शामिल है। कॉम्पलेक्स के बाहर दस फुट का बरामद बनाया गया हुआ है। यह बरामदा ग्राहक एवं लोगों के आवागमन के लिए बनाया गया था। परंतु दुकानदारों ने बरामदों पर कब्जा किया हैं। हालांकि पूर्व में एसडीएम रहीं कनिका गोयल ने स्वयं फील्ड में उतरकर शॉपिंग कॉम्पलेक्स के बरामदे खाली करवाए थे। एसडीएम की बदली होने के बाद दुकानदार फिर से धीरे-धीरे कब्जा जमाने लगे हैं। इससे बाजार में चौड़ी सड़कें गली में परिवर्तित हो जाती है। अतिक्रमण को खत्म करने के लिए कॉम्पलेक्स के दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका द्वारा दुकानों के बाहर चस्पा किए हुए नोटिस। फोटो : हरिभूमि

### चार माह पहले चलाया था विशेष अभियान

*उल्लेखनीय है कि एसडीएम द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान शहर के बाजारों से अतिक्रमण हटाया गया था। उस समय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बरामदे पूरी तरह खाली करवा दिए गए थे और सड़कों पर आवागमन सुचारू हो गया था। दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए गए थे कि वे अपनी दुकानों के बाहर सामान न रखें, लेकिन प्रशासन की निगरानी में कमी आते ही दुकानदारों ने फिर से नियमों की अनदेखी शुरू कर दी है। वर्तमान स्थिति यह है कि कई दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर छह से आठ फीट तक सामान फैलाकर बैठे हैं। विशेषकर किरयाना व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बरामदों पर भी दोबारा कब्जा होने लगा है, जिससे पैदल राहगीरों के लिए रास्ता संकरा हो गया है। इसके अलावा दुकानदार अपनी दुकानों के सामने दुपहिया वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे सड़कें और संकरी हो जाती हैं। कई स्थानों पर लोडिंग वाहनों को लंबे समय तक खड़ा रखकर माल उतारने और चढ़ाने का कार्य किया जाता है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। त्योहारों के दौरान यह समस्या और अधिक विकराल रूप ले लेती है। नवरात्रि, तीज, होली, दीपावली और संक्रांति जैसे अवसरों पर अस्थायी दुकानों और फड़ों के नाम पर सड़कों पर कब्जा बढ़ जाता है। हालांकि इन अवसरों पर बाजारों में भीड़ बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन नियमों की अनदेखी से यह अव्यवस्था में बदल जाता है।*

### यह कहते हैं पालिका सचिव

शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों को बरामदे खाली करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। अगर दुकानदारों ने बरामदे खाली नहीं किए तो नपा सख्त कार्रवाई करेंगी। जिसकी जिम्मेदारी दुकानदारों की होगी।
-गौरव सांगवान सचिव, नगर पालिका महेंद्रगढ़

### यह जारी किया नोटिस

शॉपिंग कॉम्पलेक्स के जिन दुकानदारों ने दुकानों के सामने बने बरामदे तुंरत प्रभाव से खाली कर दे। साथ हीं दुकानों के बाहर लगे टीन शेड, पर्दे आदि को भी तुरंत प्रभावसे हटा लें। अन्यथा प्रशासन सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना सहित जेसीबी के माध्यम से बरामदों को खाली करने और टीन शेड हटाने की कार्रवाई की जाएंगी। इस कार्रवाई के समय आपकों किसी भी तरह के आर्थिक नुकसान होने पर स्वयं जिम्मेदार होंगे।



मंडी अटेली। कारिया में जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कारिया बस स्टैंड पर प्रशासन की कार्रवाई

# अटेली-कनीना रोड से हटाया अतिक्रमण

**लंबे समय से सरकारी भूमि पर कब्जे की मिल रही थी शिकायतें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली-कनीना रोड स्थित कारिया बस स्टैंड पर वीरवार को प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। लोक निर्माण विभाग की टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों के जरिए सड़क किनारे बनी अवैध दुकानों और पक्के निर्माण को हटाया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। विभाग को लंबे समय से सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायतें मिल रही थी।

इसी के चलते ड्यूटी मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार, एसडीओ महेंद्रगढ़ और जेई नीरज यादव की निगरानी में यह अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पूरे ऑपरेशन की कमान संभाली। अभियान के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने हल्का विरोध दर्ज कराया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी के कारण स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही और प्रशासन ने बिना किसी बाधा के कार्रवाई जारी रखी।

अधिकारियों के मुताबिक कई जगहों पर लोगों ने निर्धारित सीमा से आगे बढ़कर पक्का निर्माण कर लिया था, जिसे हटाना जरूरी था। एसडीओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि सरकारी भूमि पर कब्जा करना कानूनन अपराध है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से नियमों का पालन करने और भविष्य में अतिक्रमण से बचने की अपील की।

## अटेली मंडी में सरसों के साथ गेहूं को भी मिले रफ्तार

**मंडी अटेली।** नई अनाज मंडी अटेली में सरसों के साथ अब गेहूं की आवक बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि किसानों को अधिक विकल्प और बेहतर दाम मिल सकें। पिछले 11 दिनों में मंडी में 62,650 क्विंटल सरसों की आवक दर्ज की गई, जिसे 2894 किसानों ने प्राइवेट व्यापारियों को बेचकर अच्छा लाभ उठाया। इससे यह साफ है कि मंडी में किसानों को प्रतिस्पर्धी मूल्य मिल रहे हैं। इसी बीच पहली बार इस सीजन में गेहूं की आवक भी मंडी में देखने को मिली जहां परचेज एजेंसी द्वारा पांच किसानों कि करीब 200 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। निरीक्षण के दौरान गेहूं की गुणवत्ता और नमी मानकों के अनुरूप पाई गई जिससे यह संकेत मिलता है कि गेहूं उत्पादक किसान भी मंडी का रुख कर सकते हैं। मार्केट कमेटी द्वारा स्टॉक और भंडारण पर नजर रखने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसानों को उचित मूल्य मिल सके।



मंडी अटेली। अनाज मंडी में गेहूं की ढेरी। फोटो : हरिभूमि

## बाजार में एमएसपी से अधिक सरसों का भाव, सरकारी बंदोबस्त मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

हाल ही में हुई बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पसर गई, जबकि कटाई की जा चुकी सरसों की फसल काली पड़ गई। जिसे सुलझाने के लिए किसान जुट गए हैं। विकास खंड में इस बार करीब 18 हजार हेक्टेयर भूमि पर सरसों व करीब नौ हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं के अलावा पांच हजार हेक्टेयर भूमि में जो, चना, आलू, मटर, गाजर, मूली, हरी मिर्च व हरा चारा की फसल की पैदावार की गई। सरसों व गेहूं की फसल पर मौसम की मार पड़ने से किसानों के अरमान आंसू बनकर बह रहे हैं। मौसम विभाग की ओर से बारिश व ओलावृष्टि की संभावना जताने को लेकर किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। बादलवाई के बीच मौसम में उतार चढ़ाव रहने से दिन व रात का तापमान प्रभावित करने वाला है। मार्च के पहले पखवाड़े में तापमान बढ़ने पर पंखे कूलर व एसी की जरूरत पड़ने लगी थी।



कनीना। गोदाम का निरीक्षण करते अधिकारी।

### अधिकारियों ने गोदाम खंगाले

अवैध रूप से सरसों व गेहूं की स्टॉक करने व किसानों को अपनी फसल मंडी में बेचने की व्यवस्थाओं को लेकर मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों ने कनीना की विभिन्न सात ऑयल मीलों व गोदामों का निरीक्षण किया। इस संयुक्त टीम में एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, बीडीपीओ राजेश जांगू, सिटी थाना इंचार्ज, वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा देवी, मार्केट कमेटी सचिव अजीत सिंह शामिल थे। जिन्होंने ऑयल मील संचालकों से सरसों आवक, मार्केट फीस व लेबर संबंधी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि फसल खरीद कार्य शुरू हो गया है, कोई भी व्यापारी व मील संचालक अवैध रूप से स्टॉक न करे। किसान अपनी फसल को सीधे मंडी लेकर आए, जहां सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

## वर्षों पुराना इंतजार होगा समाप्त, अटेली में ग्रामीण क्षेत्र की होगी कनेक्टिविटी

# 9.54 करोड़ में 21.2 किमी लंबी नई सड़कों का होगा निर्माण

**अटेली हलके की नौ सड़कों को बनाने की मंजूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के लिए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव निरंतर सक्रिय, प्रतिबद्ध एवं प्रभावशाली नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। आरती राव योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करते हुए उन्हें तेजी से धरातल पर उतारने के लिए निरंतर सक्रिय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। हरियाणा सरकार प्रदेश के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाने के संकल्प के साथ निरंतर काम कर रही है।

अटेली हलके की नौ सड़कों को बनाने की मंजूरी मिली है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र की ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए नौ सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के माध्यम से क्रियान्वित होने वाली इन परियोजनाओं पर कुल नौ करोड़ 54 लाख 78 हजार 804 रुपये खर्च किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सरकार का मुख्य ध्येय अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है।

उन्होंने बताया कि इन नौ सड़कों की कुल लंबाई 21.2 किलोमीटर है, जिनका निर्माण होने से ग्रामीणों का वर्षों पुराना इंतजार अब समाप्त होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि किसानों को अपनी उपज मंडियों तक ले जाने में आने वाली कठिनाइयों से भी पूरी तरह निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़कों की समस्या को लेकर ग्रामीण लगातार अपनी बात रख रहे थे, जिसे सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने विश्वास दिलाया कि इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के आर्थिक विकास को बल मिलेगा और ग्रामीण जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। आरती सिंह राव ने सड़कों के निर्माण की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इनमें बेवल-मुंडायन, बेवल-बवानिया, भीलवाड़ा-श्यामपुरा, भीलवाड़ा-अकलीपुर, श्यामपुर-कुंजपुरा, दौंगड़ा अहीर-सिलारपुर, अटाली-कलवाड़ी, सागरपुर-अटाली, सागरपुर-सिलारपुर और सागरपुर-भोड़ी मार्ग शामिल हैं।

### विद्युत सब-स्टेशन की बाउंड्री वॉल के लिए 85 लाख का टेंडर जारी



*स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि अटेली मंडी स्थित 132 केवी सब-स्टेशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के लिए हरियाणा सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पर 85,16,809 रुपये का टेंडर जारी कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बिजली संरचनाओं की सुरक्षा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि इस सब-स्टेशन की चारदीवारी बनने से वहां स्थापित कीमती उपकरणों की सुरक्षा पुख्ता होगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा।*



नारनौल। चेक सौंपते एसडीएम अनिरुद्ध यादव। फोटो : हरिभूमि

### सैनी सभा को 31 लाख की सहायता राशि प्रदान की

**नारनौल।** एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने अपने कार्यालय में सैनी सभा के प्रधान बिशन सैनी, सचिव भारत सैनी व कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी को सरकार की ओर से 31 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक भेंट किया। यह राशि पूर्व में आयोजित महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से की गई घोषणा के अंतर्गत जारी की गई है। कार्यक्रम के दौरान की गई घोषणाओं के क्रम में यह 31 लाख रुपये की पहली किस्त के रूप में प्रदान की गई सहायता राशि है। इस अवसर पर एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने बताया कि यह राशि घोषित योजनाओं के तहत जारी की गई है और आगे भी शेष राशि चरणबद्ध तरीके से प्रदान की जाएगी। सैनी सभा के प्रधान बिशन सैनी, सचिव भारत सैनी व कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी ने मुख्यमंत्री एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### बंदरों को पकड़ने के लिए शहर में लगाए दो कर्मचारी

**नारनौल।** बंदरों के आतंक से परेशान शहरवासियों के लिए राहत की उम्मीद जगी है। नगर परिषद ने बंदरों को पकड़ने के लिए टेंडर छोड़ दिया है, जिस पर दो कर्मचारियों की बंदर पकड़ने की ड्यूटी लगाई है। नगर परिषद ने इन दोनों कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक कर दिए हैं, ताकि जहां भी बंदर दिखाई दें, इनको बताकर उन्हें पकड़वाया जा सके। शहर में बढ़ती बंदरों की समस्या पर आखिरकार प्रशासन ने बड़ा संज्ञान लिया है। डीएमसी रणबीर सिंह के दिशा-निर्देशों के बाद नगर परिषद हरकत में आ गई है और बंदरों को पकड़ने के लिए ठेका जारी कर दिया गया है। अब शहरवासियों को राहत देने के लिए खास व्यवस्था भी शुरू की गई है। नगर परिषद ने दो मोबाइल नंबर जारी किए हैं, जिन पर कॉल करके लोग अपने इलाके में बंदरों की सूचना दे सकते हैं। जारी किए गए नंबरों राजू 8813032783 तथा सुरेश 8572054086 शामिल हैं। नगर परिषद की अपील है कि जिन इलाकों में बंदरों का आतंक है, वहां के लोग तुरंत सूचना दें।



शैल को स्कूल जाते समय गिलहरी का एक प्यारा-सा बच्चा मिल गया। वह उसे अपने साथ स्कूल ले आया। क्लास के बच्चों ने जब ए, बी, सी और वन, टू, थ्री गाकर सीखा तो गिलहरी के बच्चे ने भी एल्फाबेट और काउंटिंग रट ली। इसके बाद जो हुआ, बहुत ही मजेदार रहा!

# पढ़ने लगा गिलहरी का बच्चा!





गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

एक गिलहरी थी। वह अपने नन्हे से बच्चे के साथ रहती थी। गिलहरी को सुबह से लेकर शाम तक दौड़ती हुई देखकर बच्चे ने उससे कहा, 'मां, तुम सारा दिन दौड़ती रहती हो, तो क्या तुम थकती नहीं हो?'

मां बोली, 'क्या करूं, बेटा! दौड़ना तो पड़ेगा ही ना! मैं यदि दौड़ूंगी नहीं, आराम से बैठी रहूंगी तो फिर हम खाएंगे क्या?'

बच्चे ने कहा, 'मां, क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद करूं?'

गिलहरी ने प्यार से जवाब दिया, 'नहीं, तुम अभी बहुत छोटे हो, पहले तुम बड़े हो जाओ, बाद में मेरी मदद करना। जाओ, अभी तो तुम बाहर जाकर खेलो।'

बच्चा खेलने के लिए बाहर दौड़ गया। वहां स्कूल जा रहे नन्हे-मुन्ने शैल की नजर एक पेड़ के तने के पास खेल रहे इस गिलहरी के बच्चे पर पड़ी। उसे वह बच्चा बहुत पसंद आ गया। वह चुपके-चुपके, लुकते-छिपते उसके पास आया ताकि गिलहरी के बच्चे को पता नहीं चले, फिर उसे पकड़ लिया। बच्चा भी बहादुर था, पर शैल ने उसे अचानक ही पकड़ा था, वह कांपने लगा। बच्चे को कांपता देखकर शैल समझ गया कि वह डर गया है। इसलिए वह बच्चे को प्यार से अपने हाथों से सहलाते हुए बोला, 'तुम मुझसे बिल्कुल डरना मत। मैं तुम्हें जरा भी परेशान नहीं करूंगा। मैं तो तुम्हारा दोस्त हूं।'

गिलहरी के बच्चे ने कहा, 'क्या तुम मेरे साथ खेलोगे?' 'हां, मैं तुम्हारे साथ जरूर खेलूंगा, पर अभी तो मैं स्कूल जा रहा हूं। तुम मेरे साथ चलोगे?' शैल ने पूछा।

गिलहरी का बच्चा शैल के साथ स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया। शैल ने तुरंत उस बच्चे को बस्ते के अगले वाले खाने में रख दिया, उसके बाद वह स्कूल आ गया। उसका कोई दोस्त बच्चे को देखे, उससे पहले गिलहरी के बच्चे को क्लास की खिड़की के पास बैठाकर कहा, 'तुम यहीं बैठे रहना, आराम से सब कुछ देखते रहना।'

कुछ देर बाद टीचर आए। सभी बच्चों को गा-गा कर पढ़ाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फिर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' बच्चे भी उसी प्रकार ऊंची आवाज में बोलने लगे। कुछ देर बाद दूसरे टीचर आए। बच्चों को वह 'वन, टू, थ्री, फोर, फाइव' पढ़ाने लगे। बच्चे भी उसी तर्ज पर ऊंची आवाज में गाकर बोलने लगे। गिलहरी का बच्चा यह सब देख रहा था और सुन रहा था। वह भी अपने होंठ फड़फड़ा कर कुछ बोल रहा था। कुछ देर बाद इंटरवल हुआ। सभी बच्चे लंच करने लगे। कोई देख न ले, इसलिए शैल छिपता हुआ खिड़की के पास पहुंचा। उसने देखा कि गिलहरी का बच्चा बहुत खुश था। उस बच्चे को शैल ने अपने टिफिन में से कुछ खिलाया और खुद भी खाना खाया। बच्चे को बड़ा मजा आया। वह कूदने-फुदकने लगा। इससे शैल के सभी मित्रों को पता चल गया कि उनकी क्लास में गिलहरी का बच्चा आया हुआ है। सारे इकट्ठा हो गए, गिलहरी के बच्चे को खिलाने लगे। शैल ने अपने दोस्तों से कहा, 'कोई उसे तंग नहीं करना।' क्लास के सभी बच्चे मिलकर खूब खेले, मजे किए। बाद में पढ़ने के लिए बैठ गए। गिलहरी का बच्चा भी पुनः खिड़की के पास बैठ गया।

स्कूल में छुट्टी होने पर सब अपने-अपने घर जाने लगे। रास्ते में उस पेड़ के पास पहुंचने पर शैल ने गिलहरी के बच्चे से कहा, 'क्या तुम मेरे घर चलोगे?'

बच्चा बोला, 'मेरी मां, मेरा रास्ता देख रही होगी। मैं अभी तो जाऊंगा, शाम को खेलने के लिए आऊंगा।'

शैल ने कहा, 'मैं इसी जगह तुम्हारा इंतजार करूंगा।'

बच्चा तो दौड़ता हुआ अपनी मां के पास चला गया। मां ने उसे देखते ही पूछा, 'कहां था तू इतनी देर से? मुझे तेरी बहुत चिंता हो रही थी। क्या कर रहा था तू?' बच्चा मां को जवाब देने के बजाय ऊंची-ऊंची आवाज में गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

मां तो अपनी आंखें फाड़े अपने बच्चे को देखती ही रह गई। वह बोली, 'तुम यह क्या बोल रहे हो? मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा है।'

बच्चा तो फिर आगे गाने लगा, 'वनटू.थ्री.फोर फाइव., सिक्स., सेवन., ऐट., नाइन., टेन.!' यह सुनकर गिलहरी घबरा गई। उसने सोचा कि उसके बच्चे को किसी ने कुछ कर दिया है या फिर वह पगला गया है। मां बच्चे को बगल वाले पेड़ पर रह रहे कौए के पास लेकर गई, उससे बोली, 'कौआ भाई! देखो तो मेरे बच्चे को कुछ हो गया है। मैं उसे जो कहती हूं, वह उसकी समझ में नहीं आ रहा। वह ना जाने क्या बोल रहा है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है! आप जरा देखिए तो, कुछ आपकी समझ में आ रहा है?'

कौए ने बच्चे से कहा, 'क्यों क्या हुआ है तुम्हें?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' थोड़ी सांस लेकर फिर बोलने लगा,'वनटू थ्री फोर फाइव सिक्स सेवन ऐट नाइन टेन।'

कौआ चौंका, 'अरे बाप रे! इसे तो कुछ हो गया है। पास में ही रह रहे बंदर वैद्य को दिखाओ, तब पता चलेगा इसे क्या हुआ है?' गिलहरी तुरंत बच्चे को लेकर बंदर वैद्य के पास गई। उससे बोली, 'बंदर वैद्य जी, देखिए तो मेरे बच्चे को क्या हो गया है? उसे जल्दी-जल्दी अच्छा कर दीजिए!' बंदर वैद्य ने बच्चे को जांचा। वह तो चुस्त-दुरुस्त ही था। उसने बच्चे से पूछा, 'तुम्हें क्या हुआ है?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

यह सुनकर बंदर वैद्य बोला, 'ओ मां! यह तुम क्या बोल रहे हो?'

बच्चा फिर से वही बोलने लगा, 'वन टू थ्री फोर फाइव।' बंदर चिंतित होकर बोला, 'गिलहरी, तुम्हारी बात सही है। तुम्हारे बच्चे को सच में कुछ हो गया है!'

यह सुनकर गिलहरी रोने लगी। घर लौटते हुए रास्ते में जो भी मिलता, उससे अपने बच्चे को ठीक कर देने के लिए विनती करती। ऐसा करते हुए शाम हो गई। शाम हो जाने पर शैल को गिलहरी का बच्चा दिखाई नहीं दिया, तो वह उसे खोजने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में उसे उसके दोस्त भी मिले। सब मिलकर बच्चे को खोजने लगे। बच्चा तो कहीं नजर नहीं आया। तभी गिलहरी के बच्चे की दूर से आ रही आवाज सबने सुनी। वह गा रहा था, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट।' पहले तो किसी की समझ में नहीं आया, लेकिन बाद में शैल की समझ में आ गया कि गिलहरी का बच्चा भी आज स्कूल से ऐसा बोलना सीख कर आया है। सब खुश हो गए और नाचते-कूदते, गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

गिलहरी ने उनकी यह आवाज सुनी तो बोली, 'अरे, मेरा बच्चा भी ऐसा ही बोल रहा है!' गिलहरी के बच्चे ने भी शैल और उसके दोस्तों की आवाज सुनी तो वह दौड़कर उनके पास गया।

गिलहरी के बच्चे को देखकर सब खुशी से झूमने लगे और गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, वन टू थ्री फोर फाइव!' गिलहरी का बच्चा भी सबके साथ नाचता जाता और गाता जाता। गिलहरी, कौआ, बंदर और अन्य प्राणी फटी आंखों से यह तमाशा देखते ही रहे। *

**हिंदी अनुवाद : रजनीकांत एस. शाह**







सभी इमेज: एआई

## जीके क्विज-200



1. उत्तर भारत का पहला ग्लास ब्रिज किस स्थान पर बनाया जाएगा?
2. दुनिया की पहली डिजिटल जनगणना किस देश में शुरू की गई है?
3. पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
4. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
5. प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथ 'मुद्राराक्षस' के रचयिता कौन हैं?
6. अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहां स्थित है?
7. कौन-सा ग्रह सबसे कम समय में सूर्य का चक्कर लगाता है?
8. कौन-सा विटामिन आंखों के लिए सर्वाधिक लाभदायक होता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री कौन थे?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?



**बच्चो, जीके क्विज-200 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-199 का उत्तर:** 1. आरसीबी, 2. छत्तीसगढ़, 3. 18 अप्रैल, 4. देहरादून, 5. सिकंदर लोदी, 6. पंजाब, 7. विटामिन बी और विटामिन सी, 8. वुलर झील, 9. जोधपुर, 10. भारत-पाकिस्तान

**जीके क्विज-199 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, अनुभव-राजनांदगांव, सचिन-दुर्ग, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, कनिका-बालोद

## हंसगुल्ले



**अजय:** यार, आजकल मुझे रात को ठीक से नींद नहीं आती। क्या तुम्हें अच्छी नींद आती है?
**विजय:** हां, मैं तो 'घोड़े बेचकर' सोता हूं।
**अजय:** अच्छा! तो तुमने अब तक कितने घोड़े बेच दिए?
**-नैतिक, दिल्ली**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**-काव्या, जबलपुर**

**राजू, सोनू और मोनू,** तीनों एक ही साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने उन्हें रोक लिया।
**राजू:** सॉरी अंकल, हमारी साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज, आप किसी और से लिफ्ट ले लें। **-जतिन, रायपुर**

वनस्पति जगत
नयनतारा


बच्चो, जंगलों में बहुत ही विशाल और अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। इनमें एक पेड़ है जायंट सिकोइया। इसे 'जंगल का पिता' कहा जाता है। जानो, इस अनोखे पेड़ के बारे में।

# जंगल का पिता कहलाता है विशाल-अनोखा पेड़ जायंट सिकोइया

बच्चो, पेड़ एक तरह से पृथ्वी के फेफड़े होते हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं ताकि हम सांस लेकर जिंदा रह सकें। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी पर 3 ट्रिलियन से अधिक पेड़ हैं। पेड़ों का भी अनोखा आश्चर्यजनक संसार है, दुनिया भर में एक से बढ़कर एक अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। एक पेड़ तो ऐसा था, जो करीब 2,000 साल तक जीवित रहा। उस पेड़ का तना इतना बड़ा था कि उसके बीच से होकर बनाए गए रास्ते में से घुड़सवार भी निकल सकते थे। उस पेड़ का नाम-जायंट सिकोइया था। इस प्रजाति के पेड़ आज भी दुनिया में मौजूद हैं।

**इसलिए कहते हैं जंगल का पिता:** जायंट सिकोइया के पेड़ पूरे जंगल की क्षमता और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रारंभिक दौर के मूल जायंट सिकोइया के जो अवशेष मिले हैं, उससे पता चलता है कि वह 400 फीट से अधिक ऊंचा रहा होगा, प्राकृतिक संसार पर यह राजा की तरह राज करता होगा। प्रकृति का रियल लीजेंड है जायंट सिकोइया, इसलिए इसे 'जंगल का पिता' कहते हैं।

**अब भी मौजूद हैं इस प्रजाति के पेड़:** बच्चो, सबसे पुराने जायंट सिकोइया के वृक्ष तो अब नष्ट हो चुके हैं। लेकिन इस प्रजाति के वृक्ष आज भी अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में सिएरा नेवादा पर्वत श्रृंखला के ढलानों पर धुंध भरे वातावरण में उगते हैं। ये पेड़ 900 से 2,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ग्रोव्स (उपवनों), विशेष रूप से सिकोइया नेशनल पार्क, किंग्स कैन्यन नेशनल पार्क और कैलावेरस बिग ट्रीज स्टेट पार्क में पाए जाते हैं।






**आग में भी रहते हैं सुरक्षित:** जायंट सिकोइया पेड़ की छाल लगभग दो फीट मोटी होती है, इनमें कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं पाया जाता है, जिससे ये पेड़ जंगल की आग जैसी आपदाओं में भी बचे रह जाते हैं। कई बार तो जंगल की आग इस पेड़ के लिए फायदेमंद साबित होती है। बच्चो, जायंट सिकोइया के बीज इस पेड़ की शाखाओं पर उगने वाले शंकु (कोन) के अंदर पाए जाते हैं। ये कोन पेड़ पर लगभग 20 साल तक लटके रहते हैं। जंगल की आग की गर्मी में इनके कोन सूख जाते हैं और ओटमील के दाने जैसे छोटे-छोटे बीजों को मिट्टी में छोड़ देते हैं, जिससे जायंट सिकोइया के नए पेड़ पनपते हैं।

**पी जाता है डेली 300 गैलन पानी:** एक पूरा विकसित जायंट सिकोइया का पेड़ दिनभर में लगभग 300 गैलन पानी पी जाता या जमीन से सोख लेता है। यह पेड़ काफी विशाल तो होता है, पर इसकी जड़ें काफी गहराई तक नहीं पहुंच पाती हैं। इसकी जड़ें सिर्फ 6 से 12 फीट गहराई तक ही जा पाती हैं। ऐसे में इस विशाल पेड़ को संतुलित रखने के लिए इसकी जड़ें चौड़ाई में फैल जाती हैं।

**आयु होती है हजारों वर्ष:** जायंट सिकोइया पेड़ की आयु हजारों वर्ष की हो सकती है। यह पेड़ अधिक पुराने होने या किसी पादप-रोग से नहीं नष्ट होते, बल्कि कई बार अपनी विशालता, वजन और असंतुलन की वजह से गिर पड़ते हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## बैसाखी त्योहार अनोखा

बैसाखी त्योहार अनोखा
जोश जगाता है,
बच्चों, बड़ों और बूढ़ों के
मन को भाता है।
बोई हुई फसल खेतों की
पककर कट जाती,
खाली खलिहानों में दानों
की बहार आती,
मजदूरों के श्रम का पूरा
मोल चुकाता है।
नई तरह की मस्ती छाए
पांव थिरक उठते,
घोर निराशाओं के बादल
राहों में लुटते,
जीवन का संगीत सुहाना
खूब सुनाता है।
दिशा-दिशा में मुस्कानों की
एक लहर आए,
अपनेपन की खुशबू से जग
सारा भर जाए,
जो हो गए दूर थे उनको
पास बुलाता है।



## रंग भरो-199

**रंग भरो-199** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




श्रेया, दुर्ग


डॉली, दुर्ग


आशुतोष, उमरिया


त्रियांश, धमतरी


रुपाली, बिलासपुर


आशना, जांजगीर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
काशवी-रायपुर, माही-महासमुंद, रायशा-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, उमंग-खैरागढ़, रुपाली-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, असित-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 200



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे झूला झूल रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## चार दोस्तों की रोमांचक कहानी

बच्चो, तुमको सुपरहीरोज की कॉमिक स्टोरीज पढ़ने में बहुत मजा आता होगा। इन हीरोज के पास तो सुपर पॉवर होती हैं। इसलिए वे कठिन से कठिन काम भी आसानी से कर लेते हैं। लेकिन इस नॉवेल 'धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य' में तुम्हारे जैसे ही चार सामान्य बच्चों की कहानी है, जिनके पास कोई सुपर पावर नहीं है। लेकिन फिर भी चारों दोस्त ध्रुव, किट्टू, एकांश और युग किस बहादुरी, साहस और समझदारी से घने जंगल के बीच स्थित एक पुराने खजाने का पता लगाते हैं, इसे पढ़कर तुम रोमांच से भर उठोगे।




कहानी की शुरुआत होती है, जब ध्रुव दिल्ली से अपने मामा के घर रामपुर पहुंचता है। वहां उसकी दोस्ती पड़ोस में रहने वाली नटखट किट्टू और जुड़वा भाई युग और एकांश से होती है। वे साथ में खेलते, मस्ती करते हैं। इसी बीच उन्हें रावण टेकड़ी के प्राचीन खजाने से जुड़े नक्शे के बारे में पता चलता है। फिर चारों कैसे वहां तक पहुंचते हैं, उनके सामने कैसी चुनौतियां आती हैं और वे कैसे उनका सामना करके अपने लक्ष्य को पाते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। बच्चो, नॉवेल रहस्य-रोमांच से भरा है, पढ़कर तुम्हें मजा आएगा। *

**किताब :** धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य, **लेखक :** मिथिलेश गुप्ता, **मूल्य :** 249 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

## खबर संक्षेप

### सिहमा के टिंकेश ने विवि में किया टॉप



**मंडी अटेली।** हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा भौतिक विज्ञान प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सिहमा के होनहार छात्र टिंकेश पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे गांव सिहमा में खुशी की लहर दौड़ गई है। जैसे ही परिणाम की सूचना मिली, परिजनों, मित्रों और ग्रामीणों ने उसे बधाई दी। टिंकेश के परिवार ने उसकी सफलता का श्रेय उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। उल्लेखनीय है कि टिंकेश के पिता राजेंद्र प्रसाद एक किसान हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बेटे की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी।

### परीक्षा परिणाम में यदुवंशी कॉलेज ने लहराया परचम



**नारनौल।** हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से एम इंग्लिश प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने बहुत ही बेहतरीन परिणाम दिया। कॉलेज की छात्रा भारती यादव पुत्री सुभाष चंद ने विश्वविद्यालय में छठा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह, संस्था निदेशिका सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, डॉ. सोनल यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती का दिया निमंत्रण

**नांगल चौधरी।** डॉ. भीमराव आंबेउकर सेवा समिति ने प्रधान ईश्वर सिंह के नेतृत्व में दत्ताल, कालबा, नांगल चौधरी समेत 10 गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क करके आंबेडकर जयंती समारोह का निमंत्रण दिया है। इस दौरान गांव वाइज युवाओं को समारोह में अनुशासन बनाने तथा भीड़ जुटाने की जिम्मेवारी सौंपी गई। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शोषित और पिछड़े वर्ग को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए लंबा संघर्ष किया है।

## दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

# पीएम मातृत्व कैंप में 68 गर्भवती की जांच, 23 के हुए अल्ट्रासाउंड

गर्भवती महिलाओं को एक ही छत के नीचे जांच, परामर्श और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। कैंप में गर्भवती महिलाओं की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली में वीरवार को प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के तहत दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में पहले दिन कुल 68 गर्भवती महिलाओं ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई, जबकि 23 महिलाओं के अल्ट्रासाउंड किए गए। गर्भवती महिलाओं को एक ही छत के नीचे जांच, परामर्श और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई गई, जिससे उन्हें काफी राहत मिली। स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह मातृत्व कैंप हर महीने चार बार नौ, 10, 23 और महीने की अंतिम तारीख को आयोजित किया जाता है। इन कैंपों में गर्भवती महिलाओं की लेडी डॉक्टर द्वारा विस्तृत जांच की जाती है और उनके स्वास्थ्य में पाई जाने वाली कमियों के बारे में जागरूक करते हुए आवश्यक उपचार और दवाइयां दी जाती हैं। कैंप के दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई।

जब पहले के समय में जहां पर अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं होती थी उस दौरान अल्ट्रासाउंड कराने के लिए महिलाओं को दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें दूरी और समय की परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से यह सुविधा अटेली हॉस्पिटल में भी शुरू की जा चुकी है। महिलाओं को काफी सुविधा मिली और उन्होंने स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया।

महिला चिकित्सक डॉ. हिमांशी और डॉ. तनेजा ने बताया कि पहले दिन में कुल 68 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें से 23 महिलाओं को हाई रिस्क श्रेणी में चिन्हित किया गया। वहीं कई महिलाओं के हीमोग्लोबिन की भी जांच की गई। जांच के दौरान कुछ महिलाओं में खानपान से संबंधित समस्याएं भी सामने आईं। प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सागवान ने बताया कि मातृत्व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ऐसे कैंप लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि गर्भवती महिलाओं को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

उन्होंने बताया कि कैंप में अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध होने से महिलाओं को विशेष लाभ मिला है और भविष्य में भी इस प्रकार के कैंपों के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

**मातृत्व स्वास्थ्य को विशेष प्राथमिकता**

अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है और मातृत्व स्वास्थ्य को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। कैंप के सफल आयोजन में एएनएम, लैब टेक्नीशियन, आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। स्वास्थ्य विभाग के सामूहिक प्रयास से आयोजित यह मातृत्व कैंप गर्भवती महिलाओं के लिए काफी लाभकारी साबित हुआ और ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

## महिला कॉलेज में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा योग एवं शारीरिक स्वास्थ्य विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा योग के महत्व को समझाना था। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने पोस्टर्स के माध्यम से योग, संतुलित जीवनशैली एवं शारीरिक फिटनेस के महत्व को सुंदर एवं रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागियों ने अपने विचारों को रंगों और चित्रों के माध्यम से प्रभावशाली तरीके से व्यक्त किया। निर्णायक मंडल द्वारा रचनात्मकता, विषय की समझ एवं प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में महिला प्रकोष्ठ की ओर से सभी छात्राओं का धन्यवाद किया गया और ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया गया।

## सूरज कॉलेज के हेमंत व आदित्य विश्वविद्यालय में रहे अव्वल



हेमंत आदित्य

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमए इंग्लिश के प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप 10 मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि एमए इंग्लिश प्रथम सेमेस्टर की छात्रा हेमंत पुत्र प्रमोद माजरा ने 8.46 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान एवं आदित्य प्रसाद पुत्र संदीप प्रसाद बुचौली ने द्वितीय स्थान हासिल कर कॉलेज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसी के साथ पिछले दिनों घोषित एमए इंग्लिश के तृतीय सेमेस्टर के परिणाम में भी सूरज कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची अपना स्थान बनाया है, जिनमें छात्रा मोनिका शेखावत पुत्री नरेश कुमार सतनाली ने 9.08 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान, ज्योति शर्मा पुत्री गिल्लू राम गांव देवास ने 8.77 एसजीपीए लेकर विश्वविद्यालय में चौथा एवं वैभवी पुत्री राजेश कुमार भिवानी ने 8.46 एसजीपीए लेकर विश्वविद्यालय में आठवां स्थान प्राप्त कर कॉलेज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।

## अनेय सिगड़ा को पितृ शोक



**महेंद्रगढ़।** गांव सिगडा निवासी मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम सदस्य अनेय के पिता दलीप सिंह का हृदय गति रुकने की वजह से आकस्मिक निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सिगड़ा में किया गया। वे अपने पीछे अपनी पत्नी, एक पुत्र, दो पोता, दो पोती सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर प्रभु चरणों में विलीन हो गए। ममाज टीम सदस्य मुकेश चौहान, मनोज देवास, अनूप रिवासा, महेंद्र सिंह नांगल सिरोही, राज बीरेंद्र, संजय, मनपाल, सरपंच राजेंद्र सिंह, डॉ. अनिल कुमार, सुनील कुमार, प्रो. अश्विनी, सज्जन सिंह, सतबीर, रामकुमार, राजबीर आदि लोग शामिल हुए।

## मौखिक स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाथेड़ा में एक मौखिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ. दीक्षा शर्मा डेंटल सर्जन एमडीएस विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों व स्टाफ को मौखिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। शिविर के दौरान सभी विद्यार्थियों के दांतों और मुंह की जांच की गई। जांच के दौरान जिन विद्यार्थियों में किसी प्रकार की समस्या पाई गई, उन्हें उपचार के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी पर रेफर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के उपाय, सही तरीके से ब्रश करने की तकनीक, संतुलित आहार का महत्व तथा नियमित दंत जांच की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें बेहतर मौखिक स्वास्थ्य अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों की भी जांच की गई। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से एचआई पवन भारद्वाज, सब सेंटर इंचार्ज सुमन देवी और रेखा देवी उपस्थिति रही।

## नागरिक अस्पताल में लगाया पीएमएसएमए कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नागरिक अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयप्रकाश के दिशा निर्देश में पीएमएसएमए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कैंप का आयोजन हुआ। पीपीसी में कार्यरत रणसिंह मालडा ने बताया कि यह एक सरकारी पहल है जो हर महीने की 9-10-23 तारीख व महीने के अंतिम दिन 30 या 31 तारीख को गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल प्रदान करती है।

इन निश्चित तिथि को कोई सरकारी छुट्टी होती है तो उससे अगले दिन इस कैंप का आयोजन होता है। कैंप में डॉक्टर ज्योति, डॉक्टर रितिका और डॉ. स्वाती ने 122 गर्भवती महिलाओं की जांच की, जिनमें 98 महिलाओं के अल्ट्रासाउंड करवाए है। इसके साथ-साथ परिवार नियोजन कैंप का आयोजन भी किया गया है। पीपीसी इंचार्ज रणसिंह मालडा ने बताया कि परिवार नियोजन कैंप में सर्जन डॉक्टर कवर सिंह चौहान एवं महिला विशेषज्ञ डॉक्टर मोना यादव ने पांच महिलाओं की नसबंदी की है।



महेंद्रगढ़। कैंप में गर्भवती महिलाओं की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

**इनका रहा सहयोग**

इस कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन करने में नर्सिंग ऑफिसर पूजा यादव, ज्योति बोहरा, प्रभा, ममता, सीता, शर्मिला, लैब तकनीशियन ऑफिसर संजय सैनी, दुलीचंद, विकास, संदेश सैनी, ओटीए ईश्वर, जितेंद्र, अनिल, कुलदीप शर्मा, प्रदीप सैनी, पूनम, वंदना, मोनिका आदि ने सहयोग किया।

## बहरोड रोड पर गर्ल्स कॉलेज के पास अंडरपास की मरम्मत करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बेशक से रेलवे से सीआईए रोड अंडरपास की मरम्मत करके वाहवाही लूटने का प्रयास कर लिया हो, मगर अब गर्ल्स कॉलेज के पास बने बहरोड़ रोड वाले अंडरपास को अब भी मरम्मत की जरूरत है, क्योंकि उसमें अभी गंदा पानी भरा हुआ है और राहगीर उस गंदे पानी में से ही आने जाने को मजबूर हो रहे हैं। जागरूक नागरिक सुरेश सैनी, कैलाश सैनी, प्रमोद कुमार, प्रदीप शर्मा आदि ने बताया कि बहरोड रोड नियर गर्ल्स कॉलेज के पास अंडरग्राउंड में गंदा पानी भरा हुआ है, जो कि कॉलेज जाने वाले छात्राएं गंदे पानी के अंदर से जाते हैं। जो फुटपाथ डाला हुआ था, उसको भी प्रशासन ने तुड़वा दिया है और अब इसकी तरफ ध्यान नहीं दे रहे। इस टूटे हुए अंडरपास के फुटपाथ को ठीक करवाएं, ताकि आमजन के साथ–साथ छात्राएं कॉलेज जाते वक्त गंदे पानी के अंदर से न गुजरें और उन्हें कोई परेशानी न हो।



नारनौल। गर्ल्स कॉलेज के पास बना अंडरपास। फोटो : हरिभूमि

## बचीनी के आंगनबाड़ी केंद्र में किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर हुई जागरूक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। महिलाओं को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव बचीनी की आंगनबाड़ी केंद्र में किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर एक जागरूक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिथलेश व माया देवी ने की। इस बैठक में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर मंजू कुमारी मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन आशा वर्कर सुमन देवी व पिंकी ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उदेश्य किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, प्रजनन स्वास्थ्य और शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। बैठक में महावारी के दौरान स्वच्छता, पौष्टिक आहार लेने, एनीमिया (खून की कमी) से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुपरवाइजर मंजू कुमारी ने बताया कि किशोरी मासिक धर्म पर सुरक्षित महावारी के लिए सेनेटरी पैड का उपयोग करने और गंदे कपड़ों के कारण होने वाले संक्रमण से बचाव के लिए विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 वर्ष से 15 वर्ष की आयु की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाई जाने वाली एचपीवी वैक्सीन लगवाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर मंजू देवी, आंगनबाड़ी वर्कर मिथलेश, सुनीता देवी, माया देवी, आशा वर्कर सुमन देवी, पिंकी देवी, हैल्पर भगोती देवी, शकुंतला सहित अनेक ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

## यदुवंशी कॉलेज की पूजा और प्रीति ने जूलॉजी के टॉप 10 में बनाया स्थान

- एमएससी जूलॉजी के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



परीक्षा में टॉप रहने वाले विद्यार्थी।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी जूलॉजी के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें कॉलेज की छात्रा पूजा पुत्री दिनेश कुमार ने छठा स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रीति पुत्री शमशेर सिंह ने 10वां स्थान हासिल किया।

कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्था के अनुशासित वातावरण का भी प्रतिफल है। इस अवसर पर संस्था वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉक्टर प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और इस परीक्षा परिणाम से यदुवंशी कॉलेज के अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

## आरपीएस कॉलेज में इतिहास के विकास और प्रासंगिकता पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। अतिथि का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना के मानविकी विभाग द्वारा इतिहास की समझ, विकास और प्रासंगिकता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिरंजन कुमार ने शिरकत की।

इस कार्यक्रम का आयोजन ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव और सीईओ मनीष राव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शुभारंभ कॉलेज निदेशक डॉ. महेश यादव, प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह कादियान, कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव और अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन संदीप ने डॉ. अभिरंजन कुमार का परिचय प्रस्तुत किया।

मुख्य वक्ता डॉ. अभिरंजन कुमार ने बताया कि इतिहास केवल तारीखों और बीती हुई घटनाओं का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह वह नींव है, जिस पर हमारे वर्तमान और भविष्य की समझ विकसित होती है। प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह कादियान ने कहा कि आरपीएस डिग्री कॉलेज अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें अपने विषयों की व्यावहारिक समझ प्रदान करने के लिए ऐसे बौद्धिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश डागर ने भी अपने विचार साझा करते हुए सभी अतिथियों और वक्ता का आभार व्यक्त किया।

## जनगणना केवल आंकड़े नहीं, देश की सामाजिक-आर्थिक संरचना का आधार



**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में जनगणना 2027 के तहत चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना विभाग चंडीगढ़ के डिप्टी डायरेक्टर प्रमोद कुमार, मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार एवं जिला समन्वयक अनिकेत ने औचक निरीक्षण कर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों के आगमन पर राजकीय हिंदी अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष एवं सहायक चार्ज ऑफिसर राजेश शर्मा झाड़ली, हरियाणा मास्टर वर्ग संगठन के जिला प्रधान दीपक कुमार शर्मा, तहसील कार्यालय के कानूनगो नरेश सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव, शंकर, फील्ड ट्रेनर प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, प्रो. सोमवीर, प्रो. डॉ. शमशेर सिंह एवं प्रवक्ता दिनेश शर्मा द्वारा उनका स्वागत किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एसडीएम योगेश सैनी के दिशा-निर्देशन तथा चार्ज ऑफिसर जनगणना एवं तहसीलदार अजय कुमार की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपने कार्य को जिम्मेदारीपूर्वक पूरा करें, ताकि जिले का डेटा उच्च गुणवत्ता का हो सके।

## पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विश्राम गृह के मीटिंग हॉल में सीएम अनाउंसमेंट को लेकर हुई समीक्षा बैठक

# अत्याधुनिक किसान भवन का निर्माण कार्य 85 प्रतिशत से अधिक हुआ पूरा

मुख्यमंत्री की सौगातों का आमजन को समयबद्ध लाभ मिले: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गति निरंतर जारी है। इसी विजन को अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारी सुनिश्चित करें कि सभी प्रोजेक्ट समय पर पूरे हों। यह निर्देश पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने स्थानीय पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विश्राम गृह के मीटिंग हॉल में आयोजित अधिकारियों की बैठक लेते हुए दिए। इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत जिले में चल रहे बड़े प्रोजेक्ट्स की प्रगति पर चर्चा की गई। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया, डीएमसी रणवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का ध्येय अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।



नारनौल। सीएम अनाउंसमेंट को लेकर बैठक लेते विधायक ओमप्रकाश यादव।

**विधायक ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी बड़े प्रोजेक्ट्स की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए उन्हें समय पर पूरा करें, ताकि जनता को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से दी गई सौगातों का लाभ समयबद्ध तरीके से मिल सके। विकास कार्यों की प्रगति देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिले में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तहत हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की 96.77 प्रतिशत से अधिक घोषणाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। इसी प्रकार नारनौल में बन रहे अत्याधुनिक किसान भवन का निर्माण कार्य भी रिकॉर्ड गति से 85 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है, जिससे जल्द ही क्षेत्र के किसानों को बड़ी सुविधा मिलने वाली है। विकास की इस कड़ी में नारनौल के ऐतिहासिक किला रोड स्थित राव बंसी सिंह पार्क का कायाकल्प और सौंदर्यीकरण कार्य भी जल्द पूरा होगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचलों में युवाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए व्यायामशालाओं का निर्माण भी युद्ध स्तर पर जारी है। विशेषकर नांगल चौधरी और अटेली खंड के विभिन्न गांवों जैसे बसीरपुर, नारहेड़ी, तलोट, मूसनौता, रामबास व घाटासेर में पार्क सह व्यायाशालाएं 75 से 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुकी हैं।

**सूचना**

मैं, महेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी जवाहर नगर, डाकघर पथरवा, उपतहसील सतनाली, जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र में रूद्र सिंह (Rudra Singh) दर्ज है। मैं मेरे पुत्र का नाम बदलकर रिषभ शेखावत (Rishabh Shekhawat) करवाना चाहता हूं। अब मेरे पुत्र को रिषभ (Rishabh Shekhawat) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**नीलामी सूचना**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला बामणवास खेता (15094) खण्ड नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ की ब्रांच पाठशाला ढाणी छिल्लर का पूरा भवन को तोडने एवं पुराने सामान की नीलामी खुली बोली द्वारा 24 अप्रैल 2026 शुक्रवार को प्रात: 10 बजे विद्यालय प्रांगण में लगाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता को 5000 रूपए की राशि सिक्योरिटी स्वरूप विद्यालय मुखिया के पास जमा करवानी होगी। बोली की शेष शर्तें मौके पर बता दी जाएगी और विद्यालय कमेटी का फैसला अंतिम एवं सर्वमान्य रहेगा।

प्राचार्य एवं एसएमसी
राजकीय प्राथमिक पाठशाला बामणवास खेता, खण्ड नांगल चौधरी
संपर्क–8708337036

## खबर संक्षेप

### चरखी दादरी के एक व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** चरखी दादरी जिले के एक व्यक्ति की बुधवार को खेत में कीटनाशक छिड़कते समय तबीयत बिगड़ गई। उन्हें महेंद्रगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने वीरवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। चरखी दादरी जिले के बडराई गांव निवासी नवीन ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि बुधवार को उनके पिता संजय कुमार अपने खेत (बाग) में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गए थे।

### विश्व होम्योपैथिक दिवस पर लगेगा कैंप

**नारनौल।** 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथिक दिवस पर आयुष विभाग की ओर से निःशुल्क आयुष चिकित्सा व स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर नागरिक अस्पताल में लगाया जाएगा। होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिन के उपलक्ष में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिबाला ने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन भारत सरकार व आयुष विभाग हरियाणा के होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने हेतु निःशुल्क होम्योपैथी परामर्श व निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 18 अप्रैल को

**नारनौल।** गौड़ ब्राह्मण सभा की ओर से 18 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम व प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया जाएगा। कार्यक्रम में खेल मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि होंगे।

### पार्क तोड़कर निजी मकान को रास्ता देने पर आक्रोश

**नांगल चौधरी।** शहर के वार्ड एक में एक पार्क को तोड़कर निजी मकान के लिए रास्ता निर्माण किया जा रहा है। जिससे आक्रोशित वार्ड वासियों ने नपा अधिकारियों को शिकायत दर्ज करवा दी। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हाने से आक्रोशित लोगों ने नपा सचिव व उपायुक्त को पत्र देकर अवैध रास्ता निर्माण को रोकने की गुहार लगाई है। ग्यारसीलाल, सतबीर, अशोक कुमार, ज्ञानसिंह, संदीप कुमार, दिनेश कुमार, उमेद सिंह ने बताया कि विभागीय जमीन पर पार्क विकसित किया गया था।

### न्यूनतम वेतन की घोषणा मजदूरों के साथ नाइंसाफी

**नारनौल।** एआईयूटीयूसी हरियाणा के प्रधान कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले कई दिनों से गुड़गांव की विभिन्न फैक्ट्रियों के श्रमिक अपनी मासिक वेतन वृद्धि के लिए आवाज उठा रहे हैं। मगर फैक्ट्री प्रबंधक उनकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। मजदूरों की आवाज को सरकारी तंत्र व प्राइवेट ताकत के बल पर दबाने का प्रयास जारी है। श्रमिकों के आॅन्दोलन को ठंडा करने के लिए नायब सिंह सैनी सरकार के मंत्रिमंडल ने आठ अप्रैल को हरियाणा में मजदूरों का न्यूनतम वेतन बढ़ाने की घोषणा की है, जो हरियाणा के मजदूरों के साथ एक धोखा है।

*तिथि से पहले पानी के बिलों का भुगतान कर उठाएं सरचार्ज माफी का लाभ: उपमंडल अभियंता*

# पानी एवं सीवर के बकाया बिलों की अदायगी को लेकर 31 मई अंतिम तिथि, नहीं किया भुगतान तो कटेंगे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जिले के शहरी क्षेत्रों नारनौल, नांगल चौधरी, अटेली नांगल, कनीना व महेन्द्रगढ़ में पानी एवं सीवर के बकाया बिलों की अदायगी को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को बकाया बिलों पर लगने वाले सरचार्ज में राहत प्रदान की गई है, जिसका लाभ 31 मई तक लिया जा सकता है। उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि कोई उपभोक्ता 31 दिसंबर 2025 तक के अपने बकाया पानी एवं सीवर बिलों की राशि 31 मई तक जमा कर देता है, तो उस पर लगाया गया 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब उपभोक्ताओं से केवल वर्तमान बकाया राशि पर एक बार 10 प्रतिशत जुर्माना लिया जाएगा, जबकि पहले पूरे बिल पर सरचार्ज लगाया जाता था।



उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए, उपभोक्ता विशेष सावधानी बरतें। अपने पानी के बिलों की समय पर अदायगी करें। नलों को खुला न छोड़ें, प्रत्येक नल पर टोंटी लगाएं तथा पेयजल से बगीचों आदि की सिंचाई न करें। यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करता पाया जाता है, तो उसकी वीडियोग्राफी कर उसका पानी का कनेक्शन काटा जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में प्रत्येक उपभोक्ता को समान मात्रा में पानी उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है। वहीं उपभोक्ताओं का भी कर्तव्य है कि वे विभाग के इस अभियान में सहयोग करें और पानी को व्यर्थ न बहाएं। उन्होंने बताया कि मीटर वाले कनेक्शन धारकों को यह छूट सीधे प्रदान की जाएगी, जबकि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने पानी के कनेक्शन पर मीटर नहीं लगवाया है, उन्हें पहले मीटर लगवाना अनिवार्य होगा। बिना मीटर वाले उपभोक्ताओं को इस छूट का लाभ नहीं मिलेगा।

### इस वित्त वर्ष में 100 प्रतिशत रिकवरी का लक्ष्य

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में पानी एवं सीवर कनेक्शनों की लगभग 60 प्रतिशत रिकवरी हुई थी। इस वित्त वर्ष में इसे 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए पांचों शहरों में अप्रैल व मई माह के दौरान रिकवरी अभियान को तेज कर दिया गया है। दिसंबर 2025 तक के बकाया बिलों पर सरचार्ज माफी के कारण उपभोक्ताओं को काफी फायदा होगा, जो उपभोक्ता 31 मई तक अपने बिलों का भुगतान कर देंगे, उन्हें यह लाभ मिलेगा तथा वे विभागीय कार्रवाई से भी बच सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस वित्त वर्ष में नारनौल में 16242 उपभोक्ताओं पर लगभग 116 लाख रुपये बकाया हैं। वहीं नांगल चौधरी शहर में 2065 उपभोक्ताओं पर करीब 15 लाख रुपये, महेन्द्रगढ़ में 15868 उपभोक्ताओं पर 114 लाख रुपये, अटेली में 2648 उपभोक्ताओं पर 19 लाख रुपये तथा कनीना में 2380 उपभोक्ताओं पर 17 लाख रुपये का एरियर बकाया है।

### ऑनलाइन भी कर सकते हैं भुगतान

उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार शर्मा ने उपभोक्ताओं से कहा है कि वे 31 मई तक अपने सभी बकाया पानी एवं सीवर बिलों की अदायगी अवश्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 मई के बाद जिन उपभोक्ताओं के बिल बकाया रहेंगे, उनके पानी एवं सीवर कनेक्शन काट दिए जाएंगे तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जिसके लिए संबंधित उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपने बिलों का भुगतान गूगल पे, पेटीएम, भीम यूपीआई, सरल केन्द्र, विभाग की वेबसाइट तथा संबंधित डिवीजन की बिल शाखा में जाकर भी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त पानी एवं सीवर से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805678 का प्रयोग किया जा सकता है।

### फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए साथियों के परिवारों को न्याय दिलाने की मांग

# मांगों पर सहमति नहीं बनने पर फायर कर्मियों ने हड़ताल दो दिन और बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

फायर ब्रिगेड कर्मचारी दो दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। कर्मचारी फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए साथियों के परिवारों को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। नगर पालिका कर्मचारी संघ की शाखा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन हरियाणा के आह्वान पर फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए फॉयर कर्मियों को शहीद का दर्जा देने की मांग को दूसरे दिन भी हड़ताल की। हड़तालियों ने फायर ब्रिगेड कार्यालय के बाहर धरना दिया और नगर परिषद परिसर से बाहर सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। इस धरना-प्रदर्शन को नपा कर्मचारियों समेत सर्व कर्मचारी संघ ने भी अपना खुला समर्थन दिया।

इस काम छोड़ हड़ताल को संबोधित करते हुए फायर यूनियन के जिला प्रधान गुरदयाल सिंह ने कहा कि 16 फरवरी को फरीदाबाद में कालकाजी लुब्रिकेंट और शिव स्टील कंपनी में लगी भीषण आग के दौरान कैमिकल के ड्रमों में हुए विस्फोट से एनआईटी दमकल केंद्र के कर्मचारी भवीचंद शर्मा और रणवीर सिंह गंभीर रूप से झुलस गए थे। दोनों दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के दौरान अपनी ड्यूटी निभाते हुए गंभीर रूप से झुलस हुए और बाद में इलाज के दौरान अस्पताल में उनका निधन हो गया। उन्होंने मांग की कि इन सभी समेत इन दोनों फायर साथियों को न्याय दिया जाए।



नारनौल। नप परिसर में धरना देते फायर कर्मी एवं यूनियनों के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

> धरना-प्रदर्शन को नपा कर्मचारियों समेत सर्व कर्मचारी संघ ने भी अपना खुला समर्थन दिया

### कर्मचारियों में आक्रोश

उनका आरोप है कि घटना के बाद हरियाणा सरकार और संबंधित विभाग की ओर से न तो परिवारों के प्रति संवेदना जताई गई और न ही किसी प्रकार की आर्थिक सहायता की घोषणा की गई। इसको लेकर प्रदेशभर के दमकल कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि सरकार से इस विषय पर प्रदेश स्तर के कर्मचारी नेताओं ने सरकार से काफी बातचीत की, लेकिन सरकार ने इनको इंसाफ दिलाने की बजाय सरकार ने कोई ध्यान नहीं दे रही और स्टेट की वार्ता विफल रही है। इस कारण स्टेट बॉडी के फैसले के अनुसार यह हड़ताल दो दिन के और बढ़ा दी गई है। उन्होंने सरकार से मांग की कि दोनों बहादुर कर्मचारी साथियों को सरकार एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दे, ताकि इनके परिवार का पालन-पोषण सही प्रकार से हो सके। इन कर्मचारी साथियों को शहीद का दर्जा दिया जाए। हमारी सरकार से अपील है कि जो ड्यूटी पर कार्यरत हैं, उन सभी कर्मचारियों को सुरक्षा एवं सुविधा उपकरण दिए जाएं, लेकिन हरियाणा सरकार ने अभी तक कोई समाधान नहीं किया।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर प्रधान दिनेश कुमार, नारनौल प्रधान भूपेंद्र सारवान, नरेश, प्रदीप, हवासिंह, सुभाष चंद, आकाश जांगड़ा, विक्रम सिंह, लीलाराम, अशोक, राजेश, सुरेश, देवीप्रकाश, विकास, राकेश, रविकांत, भीम, सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र बोयत, नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह संगेलिया, एसकेएस के जिला प्रधान कौशल यादव, नगर पालिका कर्मचारी संघ जिला प्रधान राहुल सारवान, महावीर प्रसाद, भीम सिंह, सतीश, सतपाल सिंह, रणसिंह, सतपाल सिंह, दिनेश यादव एवं निरंजन लाल आदि मौजूद रहे।

### नहीं हो रही सुनवाई

उन्होंने बताया कि कर्मचारी यूनियन के शिष्ट मंडल से मंत्री विपुल गोयल से कई बार वार्ता की और मंत्री ने हमारी सभी बातों पर सहमति जताई, लेकिन अभी तक इस पर कोई सरकार ने कोई विचार नहीं किया, न ही समाधान किया गया। इस वजह से कर्मचारियों ने दो दिन का हड़ताल करने का निर्णय लिया था, लेकिन अब तक समाधान नहीं होने पर अब इस हड़ताल को दो दिन और बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हमारी मांगों को नहीं माना गया और फायर कर्मियों के साथ न्याय नहीं हुआ तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन का रूप भी ले सकती है। इसका जिम्मेवारी हरियाणा सरकार की होगी।

# घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर 5 जब्त



नारनौल। निरीक्षण के दौरान दुकान से घरेलू सिलेंडर बरामद करती टीम।

- डीसी के निर्देश पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग और इनकी कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में विभाग की ओर से अवैध रूप से एलपीजी सिलेंडर का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज क्षेत्र में एक बड़ी छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया। टीम ने विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण किया और नियमों की अवहेलना पाए जाने पर मौके से पांच घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अरुण सैनी ने बताया कि जिला प्रशासन को पिछले कुछ समय से घरेलू सिलेंडरों के गलत इस्तेमाल की सूचनाएं मिल रही थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में इंस्पेक्टर प्रीति यादव, सब इंस्पेक्टर मनीष गुर्जर और संदीप शामिल रहे। जिन्होंने क्षेत्र के संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी ने आमजन से कहा है कि वे घरेलू गैस का दुरुपयोग न करें और यदि कहीं भी ऐसी अनियमितता दिखाई दे, तो तुरंत संबंधित विभाग या हेल्पलाइन नंबर 01282251249 पर सूचित कर सकते हैं।

### विभिन्न मामलों में 16 आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक के दिशानिर्देशों अनुसार जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रवक्ता ने बताया कि आठ अप्रैल को जिले की पुलिस टीमों ने मुस्तैदी दिखाते हुए अलग अलग आपराधिक मामलों में संलिप्त कुल 16 आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए इन आरोपितों को काबू किया है।

### ट्रक-कैंपर की टक्कर में दो युवक घायल

**कनीना।** कनीना महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग पर गुढ़ा बस स्टैंड के समीप बुधवार रात्रि करीब साढ़े नौ बजे ट्रक व कैंपर के बीच घटित सड़क हादसे में कैंपर गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें दो युवक सवार थे, जो घायल हो गए। एक युवक की हालत गंभीर बताई गई है। घायल युवकों की पहचान उन्हाणी निवासी जितेंद्र 21 वर्ष व रविंद्र 20 वर्ष भांजे के रूप में हुई है। सुरेश चौधरी ने ट्रक चालक को सुरक्षित बताया है। वहीं ट्रक का डीजल टैंक व कैंपर गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। ट्रक चालक ने वाहन मौके से भागना चाहा, लेकिन डीजल टैंक क्षतिग्रस्त होने से वह लंबी दूरी तय नहीं कर सका। राहगीरों की मदद से उसे केमला मोड़ के समीप से काबू किया गया। जिसका चालक फरार हो गया। इधर घायल युवकों को राहगीरों की मदद से अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां एक युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। चौधरी धर्मपाल सिंह ने बताया कि दोनों युवक रात्रि के समय कैंपर गाड़ी से अपने गांव उन्हाणी आ रहे थे। गुढ़ा के समीप आमने सामने वाहनों की टक्कर हो गई। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी।



कनीना। सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कैंपर गाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### किन्नर समुदाय की बधाई राशि तय करने की मांग

**मंडी अटेली।** पंचायत समिति अटेली के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के द्वारा उपायुक्त को एक महत्वपूर्ण सामाजिक विषय को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में किन्नर समुदाय द्वारा विभिन्न शुभ अवसरों पर ली जाने वाली बधाई राशि को निर्धारित करने की मांग उठाई गई है। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपने पत्र में बताया कि क्षेत्र में विवाह, बच्चे के जन्म तथा अन्य शुभ अवसरों पर किन्नर समुदाय द्वारा बधाई देने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है, जो सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्तमान समय में कई स्थानों पर अत्यधिक राशि की मांग की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे आमजन को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई मामलों में बधाई के नाम पर दबाव बनाकर पैसे वसूलने की घटनाएं सामने आई हैं। विरोध करने पर झगड़े या अनुचित व्यवहार की शिकायतें भी मिलती रही हैं।

### गोकलपुर में अधूरी चारदीवारी बनी परेशानी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गोकलपुर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में अधूरी चारदीवारी के चलते स्कूल परिसर में असामाजिक गतिविधियों का मामला सामने आया है। इस बारे में विद्यालय प्रशासन की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी अटेली को लिखित शिकायत देकर जल्द समाधान की मांग की गई है। शिकायत पत्र के अनुसार स्कूल की चारदीवारी लंबे समय से अधूरी पड़ी है, जिससे बाहरी लोगों का स्कूल में आना-जाना बना रहता है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि चारदीवारी निर्माण के लिए पहले भी विभाग को अवगत कराया जा चुका है और बजट की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस कारण अभिभावकों और स्टाफ में भी चिंता का माहौल है। स्कूल प्रशासन ने मांग की है कि चारदीवारी का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए और परिसर में हो रही अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाए।



मंडी अटेली। गोकलपुर विद्यालय में अधूरी एवं टूटी हुई चारदीवारी।



कनीना। जनगणना का प्रशिक्षण लेते प्रगणक। फोटो: हरिभूमि

### जनगणना के लिए दूसरे बैच का प्रशिक्षण शुरू

**कनीना।** आगामी जनगणना को लेकर प्रशासन की ओर से प्रगणकों को प्रशिक्षण देने के दूसरे बैच का कार्य शुरू हो गया है। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर आगामी 21 अप्रैल तक चलेगा। जिसके लिए लिए नायब तहसीलदार अर्जुन सिंह पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जबकि कानूनगो राजसिंह व पटवारी अनूप सुहाग सहायक के रूप में कार्यरत रहेंगे। नायब तहसीलदार अर्जुन सिंह ने बताया कि त्रुटिरहित व व्यवस्थित ढंग से ये संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली है। जनगणना के पहले चरण का प्रशिक्षण कार्य बुधवार को पूरा किया जा चुका है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार, हरिओम शर्मा, रविशंकर, साबुखां ने प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को बारीकियों से अवगत कराया गया। जिलेभर में 15 केंद्रों पर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव 12 अप्रैल को

**नारनौल।** श्री गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली मंडी की बैठक में 12 अप्रैल को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए कार्यकारिणी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। समारोह में पावन सानिध्य श्री श्री 108 सुखराम दास महाराज बद्रीनाथ धाम का रहेगा। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा होंगे। अध्यक्षता एलसी जोशी प्रधान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा करेंगे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि मोहित शर्मा रहेंगे। जिला उप प्रधान रामानंद शर्मा ने बताया कि 12 अप्रैल को श्रीराधा कृष्ण मंदिर अटेली मंडी में हवन, झांकी, शोभायात्रा, प्रतिभा सम्मान समारोह व प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### एक राशन कार्ड मामले में दिए पुनः आय सत्यापन के निर्देश

# सीएम ने वीसी के जरिए परिवादियों से किया सीधा संवाद

*जनता की शिकायतों का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता: डीसी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों में परिवादियों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का जायजा लिया। समाधान शिविर में कुल 62 नागरिकों ने अपनी शिकायतें रखी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट किया कि सरकार का ध्येय अंतिम व्यक्ति तक त्वरित न्याय पहुंचाना है। इसी कड़ी में जिला महेंद्रगढ़ के अटेली क्षेत्र से आई ललिता की राशन कार्ड संबंधी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार को निर्देश दिए कि इस मामले में परिवार की आय का पुनः सत्यापन करवाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि वेरिफिकेशन के दौरान संबंधित महिला निर्धारित आय सीमा के भीतर पात्र पाई जाती है, तो बिना किसी देरी के उनका राशन कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री के इन आदेशों पर तुरंत अमल करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को फील्ड रिपोर्ट तैयार करने और पारदर्शी तरीके से इनकम वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश जारी किए। समाधान शिविर के बाद अधिकारियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावी प्लेटफॉर्म है।



नारनौल। आमजन की समस्याएं सुनते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

### डीसी ने दी अधिकारियों को हिदायत

उपायुक्त ने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे सुनिश्चित करें कि किसी भी शिकायतकर्ता को एक ही काम के लिए बार बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन प्रत्येक शिकायत को एक निश्चित समय सीमा के भीतर निपटाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर डीएसपी, डीएमसी रणवीर सिंह, नगराधीश डॉ. मंगल सेन सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

### हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें

**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय परिसर के कोर्ट रूम में वीरवार को डीसी कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में एसपी दीपक कुमार व एसडीएम योगेश सैनी ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। एसपी दीपक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें सुनी। इस दौरान एएसपी फैजल खान भी मौजूद रहे। समाधान शिविर में कुल 56 शिकायतें पंजीकृत हुई। एसडीएम योगेश सैनी ने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागाध्यक्ष स्वयं ऐसी शिकायतों पर संज्ञान लें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए समाधान करवाएं, ताकि वही शिकायत दोबारा न खुले। आमजन प्रशासन पर विश्वास करके अपनी समस्याएं लेकर आते हैं, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर लोगों की छोटी से छोटी समस्या का भी समाधान किया जाना चाहिए।